वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन:

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट में विगत वर्षों की भाँति राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए दिनांक 14 सितम्बर से 28 सितम्बर, 2022 को हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। हिन्दी पखवाड़ा-2022 समारोह का शुभारंभ सामुहिक रूप से दिनांक को 14 सितम्बर, 2022 को माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम, सूरत, गुजरात में आयोजित किया गया। इस अवसर पर वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक, अधिकारी एवं कर्मचारी लाइव वेबकॉस्ट के माध्यम से इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

संस्थान में हिन्दी पखवाड़े (14 से 29 सितम्बर, 2022) के दौरान निबंध लेखन प्रतियोगिता, आशुभाषण प्रतियोगिता, हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता, हिन्दी पत्र एवं टिप्पण लेखन प्रतियोगिता, हिन्दी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारिवृंदों एवं परियोजन स्टाफ ने सहभागिता की।

हिन्दी पखवाड़ा-2022 समारोह का समापन दिनांक 29 सितम्बर, 2022 को संस्थान के ब्रह्मपुत्र सम्मेलन कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के कनिष्ठ अनुवादक श्री शंकर शॉ द्वारा संस्थान में हिन्दी कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति का बहुपार्श्वीय आरेख प्रस्तुत किया गया। जिसमें उन्होंने संस्थान की विभिन्न उपलब्धियों यथा - हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के बैठकों का निरूपण, संस्थान में हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति, असमिया-हिन्दी ई-पत्रिका, संस्करण-4 के प्रकाशन इत्यादि पर विस्तारपूर्वक आख्या प्रस्तुत की।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार बोरा, वैज्ञानिक-जी द्वारा हिन्दी पखवाड़ा समारोह में अपने संबोधन में सभी को बीते हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं दी तथा सभी प्रभागाध्यक्षों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संस्थान की राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त करने का अनुरोध किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'ग' क्षेत्र की राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु प्रयास करते रहना होगा। संस्थान के श्री बिजय प्रधान, प्रभागाध्यक्ष, वन वर्धन एवं प्रबंधन ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि जितना हम सब अपने सरकारी कामकाज में अंग्रेजी का प्रयोग करते हैं उतना हम सभी हिन्दी का प्रयोग करे तो हम जल्द ही राजभाषा लक्ष्यों को प्राप्त कर लेगें।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए। इसके अलावा, संस्थान में दिनांक 17.06.2022 को आयोजित राजभाषा हिन्दी प्रश्नोत्तरी कार्यशाला सह प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त

करने वाले प्रतिभागियों के समुह को भी पुरस्कृत किया गया। वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए सरकारी कामकाज में 10,000 से अधिक शब्दों का प्रयोग करने हेतु श्री अजय कुमार, वैज्ञानिक-डी को कुल 5000/- (पाँच हजार) रुपये की नकद पुरस्कार के घोषणा के साथ उन्हें प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के अंत में श्री अजय कुमार, वैज्ञानिक-डी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। अपने संबोधन में हिन्दी दिवस को सफल बनाने एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के आयोजित प्रतियोगिताओं के परीक्षकों के सहयोग पर भी आभार व्यक्त किया।

हिन्दी पखवाड़ा-2022 समापन कार्यक्रम की कुछ झलकियां...............



বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠা
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
RAIN FOREST RES ARCH INSTITU
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
RAIN FOREST ESEARCH INSTITUTE
DIRECTOR

DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
DIRECTOR

.............समाप्त..........